ओ सांवरे भरोसा मेरा नहीं हारेगा

ओ सांवरे ओ सांवरे,
ओ सांवरे ओ सांवरे,
भरोसा मेरा नहीं हारेगा, है भरोसा मुझे,
मेरा भी जीवन तू सवारेगा, है भरोसा मुझे,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे।।

अपनों का बदल जाना, दुनिया का है दस्तूर,
अपनों को निभाने में, मेरा श्याम बड़ा मशहूर......-2
मुझे भी अपना तू बनाएगा, है भरोसा मुझे,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे।।

इतिहास गवाह है ये, जब जिसने पुकारा है,
जीता है भरोसा ही, जब श्याम सहारा है.....-2
मेरा भी गुलशन तू निखारेगा, है भरोसा मुझे,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे।।

जो कुछ था पास मेरे, सब अर्पण कर डाला,
अब हाथ उठा करके, समर्पण कर डाला......-2
मेरी भी बिगड़ी तू सुधारेगा, है भरोसा मुझे,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे,

भरोसा मेरा नहीं हारेगा, है भरोसा मुझे,
मेरा भी जीवन तू सवारेगा, है भरोसा मुझे,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे...........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23420/title/oh-sanwre-bhrosa-mera-nahi-harega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |